प्रादेशिक समाचार
दिनांक–31.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन में जोरदार हंगामा, शोरशराबे के कारण स्पीकर ने समय से पहले आज की कार्यवाही की स्थगित।**
2. **विधानसभा की कार्यवाही स्थगित किये जाने के बाद भी भाजपा विधायक वेल में धरने पर बैठे, कहा– जब तक मुख्यमंत्री जवाब नहीं देंगे तब तक सदन में ही रहेंगे।**
3. **पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड के नये राज्यपाल के रुप में ली शपथ, कहा– झारखंड देश में बना सकता है अलग पहचान।**
4. **रांची और पलामू समेत राज्य के कई हिस्सों में आज तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने दो अगस्त तक राज्य के सभी जिलों में बारिश का जताया पूर्वानुमान।**
5. **पेरिस ओलंपिक में झारखंड की तीरंदाज दीपिका कुमारी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची, नीदरलैंड की तीरंदाज को दी 6–2 से मात।**

****

झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन आज विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। भाजपा विधायक अनुबंधकर्मियों के नियमितीकरण समेत अन्य मुद्दों पर मुख्यमंत्री से जवाब चाहते थे। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष धैर्य रखे, समय आने पर सरकार सभी सवालों के जवाब देगी।

मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी सदन के भीतर विपक्ष का हंगामा जारी रहा। सदन में उत्पन्न गतिरोध और शोरशराबे के कारण विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने भोजनावकाश के बाद ही सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन स्थगित होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी के विधायक वेल में धरने पर बैठे हैं। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी का कहना है कि जब तक मुख्यमंत्री युवाओं और अनुबंध कर्मियों के मुद्दे सहित अपने घोषणा पत्र के किये सारे वादे पर जवाब नहीं देंगे, तब तक वे सदन से बाहर नहीं जायेंगे।

इधर, सत्ता पक्ष के विधायकों ने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र के स्थापित परंपराओं और मर्यादाओं का माखौल उड़ा रही है। झामुमो विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने कहा कि विपक्ष जानबूझ कर विधानसभा की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है।

****

पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने आज झारखंड के नये राज्याल के रूप में शपथ ली। झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने उन्हें रांची के राजभवन में शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यामंत्री हेमन्त सोरेन और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड खनिज संपदाओं से परिपूर्ण राज्य है और यह देश में अपनी अलग पहचान बना सकता है।

****

राज्य के टाटानगर–चक्रधरपुर रेल मंडल पर रेल यातायात बहाली का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। हावडा –मुंबई मेल की सभी 18 बोगियों को रेलवे ट्रेक से हटाया जा चुका है और रेल मार्ग की मरम्मत और विद्युतीकरण का कार्य शुरु कर दिया गया है। कल सुबह चक्रधरपुर रेल डिवीजन के अंतर्गत पोटोबेदा गांव के नजदीक बाड़ाबाम्बो और खरसावा रेलवे स्टेशन के बीच हावडा– मुंबई मेल के 18 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण रेल यातायात बाधित है।

****

कोडरमा के सतगावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी सुरक्षा योजना में हुए घोटाले की जांच पूरी कर ली गई है और इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिपिक अजीत कुमार और बीटीटी दिनेश चौधरी पर घोटाला करने का आरोप साबित हुआ है। जिले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दोषियों से राशि की रिकवरी करने के साथ ही प्राथमिकी दर्ज करने और विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

****

केन्द्र सरकार ने कहा है कि बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा देश में पहली बार परियोजना के तहत समुद्र के 30 मीटर नीचे 21 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण किया जा रहा है।

****

रामगढ़ जिले में 22 वीं क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाकर की। इनमें से 10 पुलिसकर्मियों का चयन नेशनल पुलिस मीट के लिए किया जायेगा। रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि नए आपराधिक कानून लागू होने से वैज्ञानिक पद्धति से अपराध अनुसंधान की आवश्यकता है। यह आयोजन इसी कड़ी का हिस्सा है।

****

राज्य में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। रांची और पलामू समेत राज्य के कई जिलों में पिछले 24 घंटे में अच्छी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने दो अगस्त तक राज्य के सभी जिलों में बारिश के आसार जताए हैं। इसके अलावा दो अगस्त को देवघर, दुमका, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में कही–कही भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

****

पेरिस ओलंपिक के पांचवे दिन आज झारखंड की तीरंदाज दीपिका कुमारी ने प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दीपिका ने नीदरलैंड की तीरंदाज को 6–2 से पराजित कर अंतिम 16 में जगह बनायी। इधर भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोर्गोहेन महिलाओं की 75 किग्रा मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। बैडमिंटन में पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन दोनों ने राउंड 16 में प्रवेश किया। निशानेबाजी में, स्वप्निल कुसाले ने 590 के स्कोर के साथ 7वें स्थान पर रहकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल तीन पोजिशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

********समाप्त********